**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.05.2026/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल, असम और पुद्दुचेरी विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत को बताया ऐतिहासिक व अभूतपूर्व, कहा– ये चुनाव परिणाम लोकतंत्र की है जीत
- हिमाचल सहित छह राज्यों के पीठासीन अधिकारियों की समिति की बैठक आज जयपुर में–विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया होंगे शामिल
- प्रदेश के 51 शहरी निकायों के चुनाव के लिए 16 नामांकन रद्द–उम्मीदवार कल ले नामांकन ले सकेंगे वापिस
- राज्य में 3 चरणों में होने वाले पंचायती राज चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज–चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक तैयारियां जारी
- लाहौल–स्पीति जिले के शालग्रां गांव में सिंचाई व्यवस्था ठप होन से स्थानीय लोग परेशान– जिला प्रशासन व संबंधित विभाग से समस्या के समाधान की उठाई मांग

**प्रधानमंत्री मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी की जीत को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बताया। उन्होंने पश्चिम बंगाल, असम, पुद्दुचेरी, तमिलनाडु और केरलम् की जनता व पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कल शाम दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में चुनाव परिणामों के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीस से अधिक राज्यों में भाजपा–एनडीए सरकारें सत्ता में हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का मंत्र है नागरिक ही भगवान है और पार्टी जनता की सेवा के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता इसीलिए पार्टी पर अधिकाधिक भरोसा जता रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जनता स्पष्ट रूप से देख रही है कि जहां भाजपा है, वहां सुशासन और विकास है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लिए एक नए सवेरे का आगमन हुआ है और जनता ने भारत के महान लोकतंत्र, प्रदर्शन की राजनीति और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना में अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम लोकतंत्र की जीत है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देने के लिए भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की सराहना की। रिकॉर्ड मतदान का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने चुनावों के सुचारू संचालन के लिए निर्वाचन आयोग, उसके अधिकारियों, मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों को बधाई दी।

**विधानसभा अध्यक्ष**

हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और ओड़िशा के पीठासीन अधिकारियों की समिति की बैठक आज जयपुर में आयोजित होगी। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी इस बैठक में भाग लेंगे। इस दौरान राज्य विधान मंडलों की समितियों की कार्यप्रणाली के सशक्तिकरण के लिए गहन विचार–विमर्श व मंथन किया जाएगा। बाद में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को इसकी विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी। समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य राज्य विधान मंडलों में इसकी कार्यप्रणाली को सशक्त बनाना है।

**नामांकन जांच**

प्रदेश के 51 शहरी निकायों में चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद कल जांच के दौरान 16 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द कर दिए गए हैं। निकायों में 449 पार्षद पदों के लिए 1 हजार 4 सौ 26 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। हालांकि कुल्लू और सिरमौर जिलों में नामांकन की छंटनी का काम पूरा नहीं हो पाया है। इन दोनों जिलों में आज स्थिति साफ हो पाएगी। उम्मीदवार 6 मई तक नाम वापस ले सकेंगे और इसी दिन चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। मतदान 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच होगा।

**चुनाव तैयारियां**

प्रदेश में 3 चरणों में होने वाले पंचायती राज चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार लगातार लोगों से संपर्क बना रहे हैं और अपने पक्ष में वोट की अपील भी कर रहे हैं। इस बीच, चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। किन्नौर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने बताया कि पंचायत चुनाव को लेकर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की गई है।

*तीनों अगर हमारे ब्लॉक की बात की जाए, तो हरेक पंचायतें, जितनी भी पंचायतें हैं, उन्हें तीन फेज में डिवाइड किया गया है। कोई पंचायत अगर निर्विरोधी चुनी जाती है, तो कोई इलेक्शन व वोटिंग वहां नहीं होगी।*

**<u>मंडी चुनाव तैयारी</u>**

मंडी जिले में भी पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि 577 ग्राम पंचायतों, 14 पंचायत समितियों व 36 जिला परिषद सीटों के लिए मतदान तीन चरणों में 26, 28 व 30 मई को होगा। उन्होंने कहा कि इन चुनाव में करीब 7 लाख 91 हजार 629 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 3 लाख 97 हजार पुरूष और 3 लाख 94 हजार महिला मतदाता शामिल हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता–

डिस्पैच–

*निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिले में कुल 3135 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 451 संवेदनशील और 119 अति संवेदनशील केंद्र चिन्हित किए गए हैं। नामांकन प्रक्रिया 7, 8 और 11 मई को होगी, जबकि 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच और 14 व 15 मई को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके तुरंत बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। उपायुक्त ने भरोसा दिलाया है कि चुनाव पूरी तरह स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराए जाएंगे।*

**<u>अग्नि सुरक्षा सप्ताह</u>**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से, देश भर में अखिल भारतीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह मना रहा है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्रों में आग से खतरों की रोकथाम और निवारण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने नई दिल्ली में अग्नि सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन किया और स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर श्रीवास्तव ने कहा कि इस वर्ष के अग्नि सुरक्षा सप्ताह का विषय– सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाजरू अग्नि रोकथाम के लिए एकजुट है। उन्होंने कहा कि संस्थानों में सुरक्षा सुनिश्चित करना एक साझा और सामूहिक जिम्मेदारी है।

**<u>कुलपति</u>**

केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा है कि देवऋषि नारद के आदर्शों पर आधारित लोक कल्याणकारी पत्रकारिता ही समय की मांग है। विश्वविद्यालय के पत्रकारिता, जनसंचार व नव मीडिया स्कूल और विश्व संवाद केंद्र शिमला के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित देवऋषि नारद जयंती के व्याख्यान कार्यक्रम में उन्होंने ये बात कही। उन्होंने नारद मूनि की तुलना एक ऐसे पत्रकार से की, जो सत्य और सटीक सूचना के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाता है। इस बीच, आज शिमला में भी विश्व संवाद केंद्र के तत्वाधान में देवऋषि नारद जयंती कार्यक्रम आयोजित होगा।

**किसान समस्या**

लाहौल–स्पीति जिले के उदयपुर उपमंडल के तहत सालग्रां गांव में सिंचाई व्यवस्था ठप होने से स्थानीय लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि गांव की करीब 800 मीटर लंबी कुहल पिछले वर्ष प्राकृतिक कारणों से क्षतिग्रस्त हो गई थी, लेकिन अभी तक इसकी मुरम्मत नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसान गोभी व मटर की बुआई कार्य में लगे हैं और इन फसलों के लिए शुरूआती चरण में नियमित सिंचाई जरूरी है। उन्होंने कहा कि सिंचाई व्यवस्था की समस्या के चलते उनकी फसलें बर्बाद हो सकती हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान की आशंका भी है। ग्रामीणों ने इस संबंध में जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर आपातकालीन सिंचाई व्यवस्था की मांग की है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं, वहीं कुछ स्थानों पर बीती रात हल्की बारिश हुई। पिछले तीन दिनों से रूक–रूक कर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है और मई महीने में भी मौसम हल्का सर्द बना हुआ है। मौसम विभाग ने आज व कल प्रदेश के कई जिलों में अंधड़, बारिश व बिजली कड़कने का अलर्ट जारी किया है।

आज समाचार पत्रों ने बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम से जुड़ी खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**कांगड़ा के सरकारी स्कूल के अंशित ओवरऑल टॉपर, मेरिट में बेटियों का दबदबा।** पंजाब केसरी के शब्द हैं–**बेटियों ने मारी बाजी, अंशित ओवरआल टॉपर।** दिव्य हिमाचल के अनुसार–**92 दशमलव शून्य दो फीसदी रहा जमा दो का परीक्षा परिणाम, बेटियों की फिर बल्ले–बल्ले।**

दैनिक भास्कर ने खबर दी है–**किन्नौर के कल्पा में पहली बार 8 से 10 मई तक होगा बर्ड फेस्टिवल।** हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–**कोई भी कहीं भी हैक कर सकता है ईवीएम।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत को बताया ऐतिहासिक व अभूतपूर्व, कहा– ये चुनाव परिणाम लोकतंत्र की है जीत
- हिमाचल सहित छह राज्यों के पीठासीन अधिकारियों की समिति की बैठक आज जयपुर में–विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया होंगे शामिल

- प्रदेश के 51 शहरी निकायों के चुनाव के लिए 16 नामांकन रद्द–उम्मीदवार कल ले नामांकन ले सकेंगे वापिस
- राज्य में 3 चरणों में होने वाले पंचायती राज चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज–चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक तैयारियां जारी
- लाहौल–स्पीति जिले के शालग्रां गांव में सिंचाई व्यवस्था ठप होन से स्थानीय लोग परेशान– जिला प्रशासन व संबंधित विभाग से समस्या के समाधान की उठाई मांग